आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

बृहस्पतिवार 19.12.2024

समय 1305

पहले मुख्य समाचार :–

- विपक्षी दलों के हंगामे के बाद संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित।
- केंद्र सरकार आज ''एक देश एक चुनाव'' से संबंधित विधेयक 31 सांसदों वाली संयुक्त संसदीय समिति को सौंपेगी।
- टिहरी में आज से पांच दिवसीय टिहरी एक्रो फेस्टिवल शुरू।
- नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड निवास में अब नेताओं और अधिकारियों के साथ ही आम लोग भी ठहर सकेंगे।
- खेल मंत्री रेखा आर्या ने हरिद्वार में नवनिर्मित बास्केटबॉल कोर्ट का लोकार्पण किया।

<u>कार्यवाही</u>

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की डॉ. भीमराव आम्बेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर विपक्षी दलों के हंगामे के बाद संसद के दोनों सदनों को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। लोकसभा में आज जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो कांग्रेस, डीएमके, समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों ने केंद्रीय गृह मंत्री की टिप्पणी के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। कुछ विरोध करने वाले सदस्य वेल में भी आ गए। शोरगुल के बीच स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। राज्यसभा में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला। जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो सभापति जगदीप धनखड़ ने श्री शाह की टिप्पणी और अन्य मुद्दों पर विपक्षी सांसदों द्वारा दिए गए स्थगन नोटिस को मंजूर नहीं किया। कांग्रेस, डीएमके, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी, आरजेडी, लेफ्ट और अन्य विपक्षी सदस्यों ने गृह मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। सभापति ने सदन में व्यवस्था बनाए रखने का आग्रह किया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। बाद में उन्होंने सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

एक देश एक चुनाव

एक देश एक चुनाव से संबंधित विधेयक को सरकार आज 31 सांसदों वाली संयुक्त संसदीय समिति को सौंपेगी। प्रस्तावित समिति में लोकसभा के 21 सदस्य और राज्यसभा के 10 सदस्य शामिल हैं। इन सांसदों में अनिल बलूनी, पी.पी. चौधरी, अनुराग सिंह ठाकुर और परषोत्तम रूपाला, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और मनीष तिवारी, तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी, एनसीपी–शरद पवार की सुप्रिया सुले और अन्य सांसद मौजूद हैं। इन विधेयकों को आधिकारिक तौर पर संविधान (एक सौ उनतीसवां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 नाम दिया गया है।

रिकॉर्ड व्यापारिक सौदा

देहरादून में आयोजित 10वीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो ने इस बार व्यापारिक सौदों के मामले में सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। 12 से 15 दिसंबर तक चले इस सम्मेलन में लगभग एक हजार 275 करोड़ रुपए के व्यापारिक सौदे हुए, जो आयुर्वेदिक उत्पादों और दवाओं की बढ़ती वैश्विक मांग को दर्शाते हैं।

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, और उत्तराखंड सरकार के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में 30 देशों के 142 खरीदारों ने भाग लिया, जिन्होंने आयुष निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा आयोजित लगभग तीन हजार दो सौ बी2बी बैठकों में हिस्सा लिया। इस दौरान व्यापारिक गतिविधियों में तेजी देखने को मिली। इस बार के सम्मेलन में कुल 10 हजार 321 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें 352 प्रतिनिधि 58 देशों से थे। यह आयोजन पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए आयुर्वेद के वैश्विक स्तर पर विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित इस कार्यक्रम में आयुर्वेद को मुख्य स्वास्थ्य विकल्प के रूप में पेश करने के लिए 172 सत्र आयोजित किए गए। इसके अलावा, आयुर्वेद की वैश्विक वापसी को गति देने के लिए डब्ल्यूएएफ ने अंतर्राष्ट्रीय संघ बनाने की पहल की। वहीं, आरोग्य एक्सपो में प्रमुख आयुर्वेदिक संस्थानों के उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित किया गया, जिसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग शामिल हुए। साथ ही, आयुष क्लिनिक में चार हजार से अधिक लोगों ने निःशुल्क परामर्श लियइं

कार्यक्रम आयोजन

दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र 21 दिसंबर से बच्चों के लिए दो रोमांचक और शिक्षाप्रद कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। इन कार्यक्रमों के दौरान बच्चों को क्रिसमस क्राफ्ट और कहानी लेखन की कला सिखाई जाएगी, जिससे उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा मिलेगा। ये सभी कार्यक्रम निःशुल्क हैं। 21 दिसंबर को बाल अनुभाग द्वारा क्रिसमस क्राफ्ट कॉर्नर आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में बच्चों को क्रिसमस के सुंदर कृतियों और ग्रीटिंग काड्र्स बनाने की कला सिखाई जाएगी। 22 दिसंबर को कहानी लेखन सत्र का आयोजन किया जाएगा। यह सत्र बच्चों को अपनी कल्पना को आकार देने और कहानी बनाने की प्रक्रिया से परिचित कराएगा।

<u>सख़्त कार्रवाई निर्देश</u>

हरिद्वार के जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने ज्वालापुर स्थित कस्सावान नाले में मांस कारोबारियों द्वारा गंदगी बहाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने ऐसे मामलों में कम से कम 5 हजार रुपए का चालान करने को कहा है। कलेक्ट्रेट सभागार में 56वीं गंगा संरक्षण समिति की बैठक में उन्होंने त्र नगर निगम अधिकारियों को घाटों और पुलों से गंगा में गंदगी फैलाने वालों और अतिक्रमण पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए।

<u>टिहरी एक्रो महोत्सव</u>

टिहरी में आज से पांच दिवसीय टिहरी एक्रो फेस्टिवल शुरू हो गया है। प्रतियोगिता में देश–विदेश के 85 पायलट हिस्सा ले रहे हैं। टिहरी झील पर होने वाला यह आयोजन साहसिक खेल प्रेमियों के लिए एक बेहतरीन अवसर है। महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रकार के साहसिक खेल, जैसे पैराग्लाइडिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, और ट्रैकिंग का आयोजन किया जा रहा है, जो रोमांच के शौकिनों के लिए एक अनूठा अनुभव साबित होगा। टिहरी झील के सुंदर दृश्य और उसके आसपास के पहाड़ी इलाकों में आयोजित हो रहा यह महोत्सव पर्यटकों को साहसिक गतिविधियों का एक अनूठा अनुभव प्रदान करने का जरिया भी है। इस आयोजन में देश–विदेश से आने वाले साहसिक खेल प्रेमी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और स्थानीय संस्कृति को भी करीब से जान सकेगें।

<u>निर्देश</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के आगामी 25 वर्षों के विकास के लिए योजनाओं का खाका तैयार करने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में उत्तराखण्ड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड की बैठक में श्री धामी ने कहा कि वर्ष 2047 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य में अल्पकालिक, लघुकालिक और दीर्घकालीन योजनाओं पर काम किया जाए। उन्होंने उत्तराखण्ड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड के तहत सभी परियोजनाओं से संबधित क्षेत्रों के विकास के लिए सुनियोजित तरीके से काम करने को कहा और इसमें जनप्रतिनिधियों और हितधारकों के सुझावों को शामिल कर परियोजनाओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की जायेगी। बैठक में श्री धामी ने उत्तराखण्ड को वैडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने पर भी जोर दिया और इसके लिए पर्यटन विभाग को चार सप्ताह के भीतर नीति बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को राज्य को वैडिंग डेस्टिनेशन के रूप में पहचान दिलाने के लिये विभिन्न स्थलों का चयन कर वहां अवस्थापना सुविधाओं के विकास पर ध्यान देने का सुझाव दिया।

## ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना

केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। परियोजना के पैकेज–फाइव के तहत लछमोली से रानीहाट के बीच तीन सुरंगों का ब्रेक थ्रू सफलतापूर्वक हो चुका है। इसमें लगभग ग्यारह किलोमीटर लंबी मुख्य और एस्केप टनल की खुदाई पूरी कर ली गई है और अब कंक्रीट लाइनिंग का काम तेजी से चल रहा है। टनल निर्माण का काम कर रही श्रमिकों का कहना है कि उन्हें सरकार की ओर से सभी सुविधाएं और सहायता उपलब्ध कराई जाती हैं।

ऋषिकेश से कर्णप्रयाग के बीच लगभग 125 किलोमीटर लंबी इस रेल परियोजना के सुरंग खुदाई का कार्य अंतिम चरण में है। पैकेज–फाइव में दो मुख्य सुरंग और एक एस्केप टनल शामिल हैं।

## पाबंदी बढाई

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड–सेबी ने कीमतों पर लगाम लगाने के लिए गेहूँ और मूंग सहित सात कृषि उत्पादों में डेरिवेटिव ट्रेडिंग पर पाबंदी को जनवरी 2025 तक के लिए बढ़ा दिया है। यह पाबंदी गैर–बासमती धान, चना, कच्चे पाम ऑयल, सरसों के बीज और उनके डेरिवेटिव तथा सोयाबीन और उसके डेरिवेटिव पर भी लागू रहेगी। इसका उद्देश्य शेयर बाजार में अत्यधिक सट्टेबाजी और अस्थिरता को रोकना है, क्योंकि इसका खाद्य कीमतों और मुद्रास्फीति पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है।

## ठहराव व्यवस्था

नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड निवास में अब नेताओं और अधिकारियों के साथ ही आम लोग भी ठहर सकेंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व में जारी शासनादेश को संशोधित करने के निर्देश दिए हैं। श्री धामी ने अधिकारियों को कहा है कि जारी शासनादेश को तत्काल संशोधित किया जाए और उत्तराखंड के आमजन को भी उत्तराखंड निवास में कक्ष उपलब्धता के आधार पर मिल सके।

## लोकार्पण

खेल मंत्री रेखा आर्या ने हरिद्वार स्टेडियम में नवनिर्मित बास्केटबॉल कोर्ट का लोकार्पण किया। डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बने इस स्टेडियम से खिलाड़ियों को आगामी 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारी करने में सहायता मिलेगी।

## सोशल ऑडिट लक्ष्य

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने उत्तराखंड को पांच जिलों में तीन बिंदुओं का सोशल ऑडिट करने का लक्ष्य दिया है। मंत्रालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार चंपावत, चमोली, बागेश्वर, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग जिले में छात्रवृत्ति, आदर्श ग्राम योजना व नशा मुक्ति केंद्रों का सोशल ऑडिट किया जाएगा। प्रदेश में ऑडिट की जिम्मेदारी ग्राम्य विकास विभाग के अधीन सामाजिक, अंकेक्षण, जवाबदेही व पारदर्शिता अभिकरण को दी गई है।